# अभ्यास

**दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

1. यात्रा में सहायक तत्त्व कौन है ?

   (क) मनोबल (ख) शारीरिक

   (ग) आत्मबल (घ) ये सभी

2. लेखक ने कहाँ की लोकल ट्रेनों का उदाहरण दिया है ?

   (क) कलकत्ता (ख) दिल्ली

   (ग) मुम्बई (घ) चेन्नइ

3. रेल–यात्रा निबंध किस शैली में लिखा गया है ?

   (क) भावात्मक शैली (ख) व्यंग्यात्मक शैली

   (ग) वर्णनात्मक शैली (घ) व्याख्यात्मक

4. 'जिसमें दम, उसके हम' से क्या तात्पर्य है ?

   (क) शक्ति (ख) नैतिकता

   (ग) ईमानदारी (घ) अपराध–बोध

5. भारतीय रेल किसके विकास में बड़ा योगदान देती हैं ?

   (क) चिंतन (ख) मनन

   (ग) मंथन (घ) आत्मबोध

6. शरद जोशी के निबंधों में उनकी कौन–सी दृष्टि सर्वाधिक प्रमुखता से व्यक्त हुई है ?

   (क) समन्वयवादी दृष्टि (ख) आलोचनात्मक प्रहार की दृष्टि

   (ग) नैतिकतावादी दृष्टि (घ) सामाजिक व्यवहार कुशलता की दृष्टि

7. इस निबंध में किस प्रकार की शब्दावली की प्रधानता है ?

(क) देशज शब्दावली (ख) उर्दू शब्दावली

(ग) तत्सम शब्दावली (घ) बोलचाल की मिश्रित शब्दावली

8. जोशी के निबंधों में उनके व्यक्तित्व का कौन–सा रूप सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण है ?

(क) समझौतावादी (ख) क्रांतिकारी

(ग) यथास्थितिवादी (घ) सुधारवादी

9. शरद जोशी ने भारतीय रेल की अस्त–व्यस्त अव्यवस्था के बहाने किसकी पोल खोली हैं ?

(क) भारतीय राजव्यवस्था (ख) भारतीय अर्थशास्त्र

(ग) सामाजिक अव्यवस्थता (घ) भारतीय परम्परा

10. व्यंग्य शैली की क्या विशेषता होती है ?

(क) इसमें समाट बयानी होती है (ख) बातें घुमा–फिरा कर कही जाती हैं

(ग) इसमें लेखक टिप्पणी नहीं करता है (घ) यह लेखक की आत्मकथा होती है।

11. मनुष्य की प्रगति और भारतीय रेल की प्रगति में लेखक क्या देखता है?

12. ''आप रेल की प्रगति देखना चाहते हैं तो किसी डिब्बे में घुस जाइए।'' लेखक यह कहकर क्या दिखाना चाहता है ?

13. भारतीय रेलें हमें किस तरह का जीना सिखाती हैं ?

14. ''जिसमें मनोबल है, आत्मबल, शारीरिक बल और दूसरे किस्म के बल हैं, उसे यात्रा करने से कोई नहीं रोक सकता। वे जो शराफत और अनिर्णय के मारे होते हैं, वे क्यू में खड़े रहते हैं, वेटिंग लिस्ट में पड़े रहते हैं।'' यहाँ पर लेखक ने भारतीय सामाजिक व्यवस्था के एक बहुत बड़े–सत्य को उद्घाटित किया है 'जिसकी लाठी उसकी भैंस। इस पर अपने विचार संक्षेप में व्यक्त कीजिए।

15. रेल–यात्रा के दौरान किन–किन परेशानियों का सामना करना पड़ता है? पठित पाठ के आधार पर बताइए।

16. भारतीय रेलें हमें किस तरह का जीवन जीना सिखाती हैं ?

17. 'भारतीय रेलें चिंतन के विकास में योगदान देती है। कैसे? व्यंग्यकार की दृष्टि से विचार कीजिए।

18. ''जब तक एक्सीडेंट न हो हमें जागते रहना है'' लेखक ऐसा क्यों कहता है?

19. निम्नलिखित पंक्तियों में निहित व्यंग्य को स्पष्ट करें–

(क) दुर्दशा तब भी थी, दुर्दशा आज भी है। ये रेलें, ये हवाई जहाज, यह सब विदेशी हैं। ये न हमारा चरित्र बदल सकती है और न भाग्य।

(ख) भारतीय रेलें हमें मृत्यु का दर्शन समझाती हैं और अक्सर पटरी से उतरकर उसकी महत्ता का भी अनुभव करा देती हैं।

(ग) भारतीय रेलें हमें सहिष्णु बनाती हैं। उत्तेजना के क्षणों में शांत रहना सिखाती हैं। मनुष्य की यही प्रगति है।

20. निम्नलिखित शब्दों से विदेशज शब्दों को छाँटिए–

राजमर्रा, मंत्री, अनंत, सीट, स्टेशन, चिंतन, बर्थ, लोकल यात्री, ईश्वर, स्टार्ट, फौरन, थुक्का–फजीहत, कबूल, प्राचीन, काम, हाथ, शराफत

21. निम्नांकित शब्दों का विग्रह करें एवं समास बताँए–

रेल–यात्रा, रेल–विभाग, अनंत, अनचाहा, अनजाना

22. निम्नांकित तदभव शब्दों का तत्सम रूप लिखिए–

पुराना, गाँव, हाथ, काम, हल्दी